## श्री महेश्वर सिंह, माननीय स0वि0प0 से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या– 1/208/183 का उत्तर प्रतिवेदन।

| प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|
| 1.क्या यह सही है कि गंडक योजनांतर्गत तिरहुत मेन कैनाल, जो वाल्मीकिनगर से मुजफ्फरपुर जिला होते हुए आगे तक चला जाता है, के बांध के किनारे–किनारे वाल्मीकिनगर से मुजफ्फरपुर तक पक्कीकरण/पिच रोड बनाना जनहित में अत्यावश्यक है; | वस्तुस्थिति यह है कि<br>जल संसाधन विभाग द्वारा नहर संचालन, रख–रखाव तथा जनहित के आवागमन की सुविधा हेतु नहर बांध पर सेवापथ का निर्माण कराया जाता है।<br>• वाल्मीकिनगर स्थित तिरहुत मुख्य नहर के 0.00 कि0मी0 से मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत 255.94 कि0मी0 तक नहर बांध का सेवापथ के रूप में उपयोग किया जाता है। |
| 2.यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बांध के किनारे पक्की सड़क (पिच रोड) बनवाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक? | • तिरहुत मुख्य नहर के 0.00 कि0मी0 से 0.91 कि0मी0 (वाल्मीकिनगर) तथा 22.86 कि0मी0 से 24.08 कि0मी0 तक ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा सेवापथ का पक्कीकरण कार्य कराया गया है। उक्त सेवापथ के खण्डों को छोड़कर तिरहुत मुख्य नहर के 164.02 कि0मी0 तक नहर सेवापथ कच्चा है, जिसका उपयोग नहर संचालन एवं रख–रखाव हेतु किया जाता है।<br>• पूर्वी गंडक नहर प्रणाली (गंडक फेज–2) योजना अंतर्गत तिरहुत मुख्य नहर के 164.02 कि0मी0 से 277.25 कि0मी0 (समस्तीपुर) तक नहर सेवापथ का पक्कीकरण कार्य कराया जाना है, जिसके तहत 164.02 कि0मी0 (पूर्वी चम्पारण) से 255.94 कि0मी0 (मुजफ्फरपुर) तक नहर सेवापथ का पक्कीकरण प्रगति पर है। शेष भाग में नहर विस्तारीकरण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त चरणबद्ध तरीके से नहर सेवापथ का पक्कीकरण कार्य कराया जायेगा।<br>साथ ही सड़क निर्माण से संबंधित विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग किये जाने पर जल संसाधन विभाग द्वारा नियमानुसार अनापत्ति प्रमाण पत्र देने की कार्रवाई की जायेगी। |

**बिहार सरकार**
**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(मो0)-06–41/2024– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, बिहार, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–1/208/183 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(मो0)-06–41/2024– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(मो0)-06–41/2024– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(मो0)-06–41/2024– 236 /पटना, दिनांक– 17/01/25

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(अनिल कुमार गुप्ता)
सरकार के उप सचिव

Desktop-R.M.F./2025/Sec-25/memo